Regarding need to provide railway connectivity to Deobhog in Gariaband district, Chhattisgarh with Junagarh in Odisha-laid

श्री चुन्नीलाल साहू **(महासमुन्द):** छत्तीसगढ़ के जिला गरियाबंद जिला मुख्यालय से 127 कि.मी. दूर देवभोग विकास खण्ड को सीमावर्ती उड़ीसा राज्य के जूनागढ़ रेलमार्ग मे जोड़ने से क्षेत्र के लोगों को राजधानी रायपुर आने जाने एवं शिक्षा, चिकित्सा या व्यापार से जोड़ने में सुविधा होगी। क्योंकि जिला मुख्यालय गरियाबन्द और देवभोग के मध्य सघन वन एवं रिजर्व टाईगर क्षेत्र है। जहां राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण स्वीकृत है, लेकिन पर्यावरण विभाग से अनुमति मे विलंब होने से निर्माण कार्य में विलंब हो रहा है। अतएव देवभोग को उड़ीसा राज्य के पूर्वी-तटीय रेल अतर्गत जूनागढ़ रेलवे स्टेशन से जोड़ा जा सकता है। उसी प्रकार रायपुर राजिम छोटी लाईन को बड़ी लाईन मे परिवर्तित करने की कार्य प्रगति पर है उसे भी गरियाबन्द जिला मुख्यालय तक बढ़ाने से जनमानस को सुविधा होगी। अतः सरकार से गुजारिश है, कि उपरोक्त महत्वपूर्ण विषय को संज्ञान में लेकर उड़ीसा सीमा क्षेत्र देवभोग तक रेल सुविधा को अतिशीघ्र प्रारम्भ करने हेतु रेल मंत्रालय को निर्देशित करने की कृपा की जाए।